सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

NABBING THE NARCOS

प्रेस नोट- दिनांक 29.12.2024

02 गांजा तस्कर अभियुक्तों को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 11 किलो 440 ग्राम गांजा(अनुमानित कीमत 3,00,000/- रुपये), 02 अवैध तमन्चा व 05 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 मोटर साइकिल (होण्डा साइन) की गयी बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में एसओजी/सर्विलान्स टीम एवं थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा की गयी कार्यवाही।

गिरफ्तारी/बरामदगी का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद में अपराध/आपराधिक गतिविधियों एवं अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 28/29.12.2024 को एसओजी/सर्विलान्स टीम एवं थाना कोतवाली पुलिस टीम थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत तहसील चौराहे पर भ्रमणशील थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि 02 व्यक्ति धूमनपुरा पुलिया के पास बने मन्दिर पर मोटर साइकिल पर गाँजा लेकर खड़े हैं जिनके पास अवैध हथियार भी हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीमों द्वारा आवश्यक बल प्रयोग करके **02 अभियुक्तों को मोटर साइकिल सहित धूमनपुरा पुलिया के पास बने मन्दिर के पास से 02.27 बजे सुबह गिरफ्तार** किया गया।

पुलिस पूछताछ-

पुलिस टीम द्वारा पकडे गये अभियुक्तों से नाम पता पूछते हुये उनकी तलाशी ली गयी तो उनके कब्जे से 02 अवैध तमन्चा 315 बोर व 05 जिन्दा कारतूस 315 बरामद किये गये एवं मोटर साइकिल पर रखी बोरी को चैक करने पर उसमें से कुल 11 किलो 440 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। बरामद गांजे के संबंध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि यह गांजा हम लोग मध्यप्रदेश से सस्ते दामों मे खरीदकर इटावा के आस-पास के राहगीरों को मँहगे दामों में बेचकर लाभ कमाते हैं।

उक्त बरामदगी एवं गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 287/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट व धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

बरामद होण्डा साइन मोटर साइकिल को अन्तर्गत धारा 207 एमवीएक्ट में सीज किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. **हिमांशू शर्मा उर्फ छुहारी उर्फ आयुष पुत्र उमेश कुमार शर्मा निवासी अड्डा श्यामलाल थाना फ्रेण्ड्स कालोनी जनपद इटावा उम्र करीब 26 वर्ष।**
2. **हर्ष कुमार उर्फ कन्हैया पुत्र प्रेम कुमार त्रिपाठी निवासी शिवप्रताप राजपूत वाली गली आनन्द नगर थाना कोतवाली जनपद इटावा उम्र करीब 24 वर्ष।**

बरामदगी-

01. 11 किलो 440 ग्राम गांजा **(अनुमानित कीमत लगभग 3,00,000/- रुपये)**

02. 02 अवैध तमन्चा 315 बोर

03. 05 जिन्दा कारतूस 315 बोर।

04. 01 मोटर साइकिल होण्डा साइन

पंजीकृत अभियोगः-

1. मु0अ0सं0 287/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट तथा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली जनपद इटावा।

आपराधिक इतिहासः-

अभियुक्त हिमांशू शर्मा उर्फ छुहारी उर्फ आयुष–

1. मु0अ0सं0 88/2024 धारा 323/427/504/506 भादवि थाना फ्रैण्डस् कालोनी इटावा
2. मु0अ0सं0 89/2024 धारा 336/504/506 भादवि थाना फ्रैण्डस् कालोनी इटावा
3. मु0अ0सं0 214/2024 धारा 115(2)/191(2) बीएनएस थाना कोतवाली इटावा
4. मु0अ0सं0 320/2024 धारा 115(2)/125/191(2)/304(2)/317(2)/324(4)/352 बीएनएस थाना फ्रैण्डस् कालोनी इटावा
5. मु0अ0सं0 287/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट तथा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली जनपद इटावा।

अभियुक्त हर्ष कुमार उर्फ कन्हैया पुत्र प्रेम कुमार–

1. मु0अ0सं0 327/2022 धारा 307/323 भादवि थाना कोतवाली इटावा
2. मु0अ0सं0 357/2022 धारा 323/504/506 भादवि थाना कोतवाली इटावा
3. मु0अ0सं0 46/2023 धारा 323/504 भादवि थाना कोतवाली इटावा
4. मु0अ0सं0 79/2023 धारा 147/148/149/307/336 भादवि थाना कोतवाली इटावा
5. मु0अ0सं0 88/2024 धारा 323/427/504/506 भादवि थाना फ्रैण्डस् कालोनी इटावा
6. मु0अ0सं0 89/2024 धारा 336/504/506 भादवि थाना फ्रैण्डस् कालोनी इटावा
7. मु0अ0सं0 320/2024 धारा 115(2)/125/191(2)/304(2)/317(2)/324(4)/352 बीएनएस थाना फ्रैण्डस् कालोनी इटावा।
8. मु0अ0सं0 287/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट तथा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली जनपद इटावा।

पुलिस टीमः- प्रथम टीमः- श्री राम गोपाल शर्मा क्षेत्राधिकारी नगर, निरी0 श्री जितेन्द्र प्रसाद शर्मा प्रभारी एसओजी, उ0नि0 श्री नागेन्द्र चौधरी प्रभारी सर्विलान्स मय टीम।

द्वितीय टीमः- निरी0 श्री विक्रम सिंह प्रभारी थाना कोतवाली, उ0नि0 सौरभ सिंह, उ0नि0 संजय कुमार दुबे, का0 विकास शाक्य, का0 शोभित सोनकर, का0 अमित कुमार, का0 शेखर चौहान।